

अवार्ड लेते राजस्थान के अलवर की थर्मोडाइन इंजीनियरिंग सिस्टम के सीईओ व फाउंडर अश्वनी सेतिया, वीपी सेल्स रोहित रहेजा, पत्नी ज्योति सेतिया, बेटी रेवती सेतिया ●



दिल्ली के ओखला स्थित क्राउन प्लाजा टुडे होटल में शुक्रवार को दैनिक जागरण काफी टेबल बुक 'उद्योग रत्न' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर भारत के 25 उद्यमियों का सम्मानित किया गया। अवार्ड प्राप्त करने के बाद केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय (नीले कुर्ते व सफेद जैकेट में) के साथ खड़े उद्यमी ● जागरण

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने में उद्यमी सबसे अहम कड़ी : महेंद्रनाथ पांडेय

## दैनिक जागरण काफी टेबल बुक उद्योग रत्न का केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने किया अनावरण

- कहा, दैनिक जागरण स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य सामाजिक अभियानों के जरिये लोगों को कर रहा जागरूक
- उत्तर भारत के उद्यमियों को उनकी उपलब्धियों के लिए उद्योग रत्न अवार्ड से किया गया सम्मानित

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** ओखला स्थित क्राउन प्लाजा टुडे होटल में शुक्रवार को दैनिक जागरण काफी टेबल बुक 'उद्योग रत्न' का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय ने बुक का अनावरण करने के बाद उत्तर भारत के 25 उद्यमियों को उद्योग रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। बुक में इन उद्यमियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है और इनकी सफलता की कहानी सामने लाई गई है। बुक में बताया गया है कि उन्होंने कैसे अपना कारोबार शुरू किया, क्या चुनौतियां आईं और अपनी मेहनत व लगन से कैसे उन चुनौतियों का सामना किया। इस दौरान काफी टेबल बुक की लेखिका व दैनिक जागरण आइनेक्स्ट की पूर्व संपादक शर्मिष्ठा शर्मा, दैनिक जागरण के मुख्य महाप्रबंधक नीतेंद्र श्रीवास्तव समेत तमाम उद्यमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन आइसीसी मीडिया के सहयोग से किया गया।



ओखला स्थित क्राउन प्लाजा टुडे होटल में दैनिक जागरण काफी टेबल बुक 'उद्योग रत्न' का अनावरण करते केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय ● जागरण

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय ने कहा कि दैनिक जागरण अपने मूल कार्य के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पर्यावरण समेत कई तरह के सामाजिक अभियानों के जरिये लोगों को जगाता रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले नए-नए स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उद्यमी इस अभियान की एक मजबूत कड़ी के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के इस काम को आगे बढ़ा रहे हैं। आधुनिक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में उद्यमी सबसे अहम कड़ी हैं। इसके लिए सभी उद्यमी बधाई के पात्र हैं।

पांडेय ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी अपने विचारों और नए विजन के जरिये देश को नई दिशा दे रहे हैं। वह देश के लोगों, खासकर युवाओं को निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने देश में ही गाड़ियां और आटो पार्ट्स बनाने के लिए उद्यमियों को प्रेरित करने की पहल की तो उम्मीद से दोगुना करीब 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। भारत ई-वाहन के लिए बैट्री के निर्माण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी अच्छा काम कर रहा है। केंद्र सरकार उद्यमियों को देश में ही नवाचार के लिए प्रेरित कर रही है। इससे काफी निवेश भी आ रहा है। मोदी के दृष्टिकोण को आज देश की जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है।

उद्योग के क्षेत्र में आज भारत चीन की बराबरी करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आप मेहनत कीजिए, सरकार आपके साथ खड़ी है। अपने काम और मेहनत के कारण समाज के बीच आप निश्चित तौर पर सम्मानित होंगे। केंद्रीय मंत्री के हाथों उद्योग रत्न अवार्ड से सम्मानित होकर उद्यमी भी उत्साहित नजर आए। उन्होंने काफी टेबल बुक पर केंद्रीय मंत्री के आटोग्राफ भी लिए। इस दौरान दैनिक जागरण के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट रवि कुमार पांडेय और नेशनल ब्यूरो से आशुतोष झा मौजूद रहे।



क्राउन प्लाजा टुडे होटल में नोएडा स्थित नेक्सजेन एनर्जिया लिमिटेड के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी को भी उद्योग रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ●



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते सोनीपत की पैरामाउंट यूनिवर्सल प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ सनी गुप्ता व चेयरमैन और डायरेक्टर सत्यनारायण गुप्ता ●



ग्रेटर नोएडा की यूनिपेगासस प्रोफाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश चंद्र गर्ग और डायरेक्टर अंकुर गर्ग व कपिल गर्ग उद्योग रत्न आवार्ड का सम्मान ग्रहण करते हुए ●



केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय से उद्योग रत्न अवार्ड लेते हुए ग्रेटर नोएडा स्थित डाक्टर विस्वास गुड्हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी डा. आशिम कुमार विस्वास ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते गाजियाबाद की सेल्सियस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन व एमडी अरविंद कुमार और डायरेक्टर व सीईओ अर्पित कर्णवाल ● जागरण



ओखला स्थित क्राउन प्लाजा टुडे होटल में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय व दैनिक जागरण के मुख्य महाप्रबंधक नीतेंद्र श्रीवास्तव (बाएं) से उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते समर कूल होम अपलायंस लिमिटेड के सीएमडी संजीव कुमार गुप्ता ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते रोहिणी नई दिल्ली स्थित इंडो केमिकल्स के डायरेक्टर दिनेश गुप्ता और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव व्रतिका गुपा ● जागरण






नोएडा की दीप ज्योति रबर प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार जैन व डायरेक्टर अभिषेक जैन उद्योग रत्न अवार्ड प्राप्त करते हुए ● जागरण



केंद्रीय मंत्री से उद्योग रत्न अवार्ड लेते हुए फरीदाबाद की ड्रापको मल्टील्यूब सिस्टम प्रा. लि. के एमडी जेएल गुलाटी और डायरेक्टर आरके गुलाटी ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड लेते हुए नोएडा की चेकमेट इंडस्ट्रियल गार्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) संतोख सिंह, डायरेक्टर शशि कांता ●



यमुनानगर जगाधरी की चोपाल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी गौरव चोपाल, डायरेक्टर आशीष चोपाल और अंकित चोपाल को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया ●



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते पंजाब में जीटी रोड स्थित गांव अजनाली की बेटेक्स इंडस्ट्रियल्स प्रा. लि. के एमडी नरेश मित्तल ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड प्राप्त करते हुए पंजाब के सतारपुर लालड़ू स्थित अयान इंपोर्ट एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की एमडी लतिका जिंदल। साथ में हैं मोहित जिंदल ● जागरण



गुरुग्राम की गीकेन सीटिंग कलेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी केदारनाथ पांडेय को भी उद्योग रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ● जागरण



अवार्ड के साथ दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर पवन अग्रवाल व डायरेक्टर विपुल अग्रवाल ●



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते कोरसा बाथ फिटिंग्स के मैनेजिंग डायरेक्टर नईम अहमद और डायरेक्टर जीशान आलम ● जागरण



आइसीसी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मनीष उपाध्याय और संजय वत्तल उद्योग रत्न अवार्ड लेते हुए ● जागरण



नई दिल्ली की एसएन इंडस्ट्रीज के पार्टनर गौरव सेठी व तरुण सेठी केंद्रीय मंत्री से उद्योग रत्न अवार्ड प्राप्त करते हुए ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड ग्रहण करते नोएडा स्थित यूनिक टेक्नोलाजी के डायरेक्टर धर्मेंद्र पांडेय (दाएं) और सुजीत कुमार ● जागरण



केंद्रीय मंत्री से उद्योग रत्न अवार्ड प्राप्त करते हाथरस की पावरअप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के एमडी दुर्गेश गुप्ता ● जागरण



नई दिल्ली की खंडेलवाल फाइबर्स प्रा. लि. के एमडी अंकुर को भी कार्यक्रम में उद्योग रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड लेते गाजियाबाद की शीतल मर्चेंटाइल प्रा. लि. के डायरेक्टर पुलकित चावला ● जागरण



उद्योग रत्न अवार्ड के साथ बहादुरगढ़ की मंगला प्लास्टिक इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर अनिल मंगला ● जागरण



बुलंदशहर स्थित हेल्थवेज मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स के डायरेक्टर महेश चंद्र तिवारी को भी उद्योग रत्न अवार्ड मिला ● जागरण

********